Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-05-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to include road from Deori Bandh (Uttar Pradesh) to Harpalpur (Madhya Pradesh) under National Highways and complete the widening of road between Deori Bandh and Mataudh.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, राट्रीय राजमार्ग सं0 75/76 झांसी-मिर्जापुर मे देवरी बांध जनपद झांसी से लेकर मटौध जनपद बांदा तक सड़क चौड़ीकरण एवं सदृढ़ीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा है। उसमें देवरी बांध के आगे से लगभग 9 किलोमीटर का भाग हरपालपुर, म0प्र0 को जोडने वाला जो कि झांसी-मिर्जापुर राट्रीय राजमार्ग का ही हिस्सा हे। आज भी मध्य प्रदेश राजमार्ग से उक्त राट्रीय राजमार्ग में स्थानांतरित करने की कार्यवाही पूरी नहीं की है। इस मार्ग की चौड़ाइ लगभग 2.80 मीटर, लगभग 9 फुट है जो कि राट्रीय राजमार्ग के मानक के अनुरूप नहीं है। इसके अलावा देश के अनेक राट्रीय राजमार्गो पर बढ़ते यातायात के कारण चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर चल रहा है। जबकि मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा के अंतर्गत हरपालपुर, म0प्र0 से शुरू होकर मटौध, जनपद बांदा तक का सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य अभी तक भारत सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है। उक्त मार्ग की लम्बाइ लगभग 100 किलोमीटर है। इसी प्रकार उक्त मार्ग में देवरी बांध से हरपालपुर के बीच पड़ने वाले दो छोटे रपटे एवं हरपालपुर से पनवाड़ी के बीच क्योलारी रपटा तथा ग्राम सुगिंरा, जनपद महोबा, उ0प्र0 के पहले एवं बाद में पड़ने वाले दो रपटों के निर्माण की तुरंत आवश्यकता है। इस कारण अति व्यस्ततम राट्रीय राजमार्ग में बरसात के दिनों में यातायात पूर्णतः अवरूद्ध हो जाता है।

उक्त मार्ग में ओरछा, चित्रकूट, प्रयाग, काशी विश्वनाथ मन्दिर, विंध्यवासिनी देवी का मन्दिर, जैसे धार्मिक स्थल भी जुड़ते हैं। खजुराहो जाने वाले देशी विदेशी पर्यटक इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इस मार्ग के बन जाने से व्यापार पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र किया जाये।